'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 20 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 05 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## कार्यकर्ता और जनता का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि : नायब सैनी

### कांग्रेस का मकसद विकास नहीं भ्रष्टाचार है, भाजपा का लक्ष्य भारत को विकसित करना है : नायब सैनी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**अंबाला, 4 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता और जनता का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है। मेरा घर और सीएमओ के दरवाजे सदा जनता की सेवा के लिए खुले हैं। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है और आप लोगों के आशीर्वाद से मैं इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार 100 प्रतिशत अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरते हुए लगातार जनसेवा का काम करती रहेगी।

गुरुवार को अंबाला के दशहरा मैदान रामबाग में विजय संकल्प रैली में बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि 10 सालों से डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश को नई दिशा दी है। यहां श्री सैनी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कांग्रेस का मकसद विकास नहीं भ्रष्टाचार है, जबकि भाजपा का लक्ष्य विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने का है। उन्होंने कहा कि लोगों के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस बार भी हरियाणा की दसों लोकसभाओं में कमल खिलेंगे। रैली को मंत्री असीम गोयल और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने भी संबोधित किया।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश के अंदर एक नया इतिहास लिखा है। हरियाणा के अंदर गुड गर्वनेंस के जरिए मूलभूत सुविधाएं घर-घर तक पहुंचाई है और जनता का जीवन सरल बनाया है। श्री सैनी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। देश और प्रदेश की तरक्की तेजी से हुई है। नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि बूथों पर जाकर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करेंगे तो हमारा सीना गर्व से चौड़ा होगा। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास लोकसभा चुनाव में कहने के लिए और करने के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस सिर्फ झूठा प्रलोभन देकर लोगों में भ्रम फैलाने में लगी हुई है।



सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत कर बेटियों को बचाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि आज लाखों बेटियों की जान बची है। केंद्र और प्रदेश की सरकार ने उन बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। 10 सालों में मोदी सरकार ने चार करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। महिलाओं को प्रशिक्षित करके मोदी सरकार ने नमो ड्रोन के साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार गरीब और किसान हितैषी सरकार है। देश के चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाकर उनकी चॉबी मोदी सरकार ने सौंपी है।

कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन को जनता भूली नहीं है। जनता यह भी नहीं भूली है कि तीन-तीन दिनों तक बारिश में भी गैस सिलेंडर भरवाने के लिए लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था। जनता यह भी नहीं भूली है कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार के कारण लोग परेशान थे। हरियाणा की महिलाएं यह भी नहीं भूली हैं कि एक-एक किलोमीटर तक सिर पर रखकर पानी लाना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हर घर नल से जल और निशुल्क गैस सिलेंडर देकर महिलाओं का जीवन आरामदायक बनाया है। गरीबों को आयुष्मान और चिरायु कार्ड से जोड़कर बीमारी में होने वाले खर्च से मुक्ति दिलाई है। इन दस सालों में किसानों को सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ देश के साढ़े 12 करोड़ किसानों को मिल रहा है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की 14 फसलों को सरकार एमएसपी पर खरीद रही है। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा की जनता और कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से प्रदेश में एक साथ 11 कमल खिलेंगे।

इस अवसर पर राज्यमंत्री असीम गोयल, अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया, अम्बाला भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, पूर्व विधायक संतोष सारवान, पूर्व विधायक पवन सैनी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व करमचंद सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राम चन्द्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

## राजनीतिक दल व उम्मीदवार डूज एंड डोंट्स का कड़ाई से करें अनुपालन : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही होनी चाहिए सीमित

### शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग- अनुराग अग्रवाल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव - 2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए।

इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस का मार्ग यातायात को बाधित नहीं करना चाहिए।

**शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए।

चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि चुनाव के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सभी मामलों में निर्वाचन आयोग या रिटर्निंग ऑफिसर या जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश या दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए। चुनाव प्रचार अवधि के समाप्त होने के उपरांत, यदि कोई व्यक्ति मतदाता या चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार या उम्मीदवार का चुनाव एजेंट नहीं है तो उस व्यक्ति को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ना होगा।

**चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को यह सलाह दी जाती है कि वे नकद लेन-देन से बचें**

चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को क्या नहीं करना चाहिए, इसकी जानकारी देते हुए श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि किसी भी आधिकारिक काम को चुनाव प्रचार या चुनावी गतिविधियों के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए और वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषायी समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए।

**वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों को यह सलाह दी जाती है कि वे नकद लेन-देन से बचें और अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नगद राशि अपने साथ न रखें। इसके अलावा, अन्य राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों या जुलूसों में बाधा नहीं डालनी चाहिए। अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए।




## महिलाओं का अपमान करना राहुल गांधी और उनकी टीम की बन गई है फितरत : सुभाष बराला

### भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी अशोभनीय, तुरंत मांगनी चाहिए माफी : बराला

### महिलाओं का अपमान करने की कांग्रेस में दी जाती है ट्रेनिंग : बराला




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अभद्र टिप्पणियां करके महिलाओं को अपमानित करना राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम की फितरत बन गई है। श्री बराला ने भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि सुरजेवाला को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भी कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया ने भी महिला होते हुए कंगना रनौत के लिए अभद्र टिप्पणी की थी। श्री बराला ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम का महिलाओं के प्रति कितना सम्मान है यह उनकी टिप्पणियों से झलकता है। सुभाष बराला गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी, रणदीप सुरजेवाला, दिग्विजय सिंह की बात करें तो इन लोगों ने अपनी अभद्र बातों से कई बार महिलाओं को अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी कांग्रेस को भविष्य में आइना दिखाने का काम करेगी। महिलाओं पर बार-बार टिप्पणियां करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी में किस तरह से लोगों को ट्रेनिंग दी जाती है। उन्होंने कहा कि एक विशेष प्रकार की ट्रेनिंग लेकर कांग्रेस के नेता महिलाओं का अपमान करते हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि कुछ दिन पहले भी रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा के वोटरों के लिए अपमानजनक बात कही थी। वीडियो से छेड़छाड़ करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री बराला ने कहा कि होना तो यह चाहिए कि श्री सुरजेवाला संबंधित महिलाओं से माफी मांगे, उलटा दूसरे लोगों पर ही आरोप लगा रहे हैं। बराला ने कहा कि सुरजेवाला की इन हरकतों को हरियाणा की जनता माफ नहीं करेगी। लोकसभा और उसके बाद विधानसभा के चुनाव में जनता कांग्रेस को घटिया टिप्पणी का जवाब देगी और जमीन दिखाने का काम करेगी। राहुल गांधी के बारे में बोलते हुए श्री बराला ने कहा कि राहुल गांधी भी बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। देश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम को देश की जनता से, हेमामालिनी से और कंगना रनौत से माफी मांगनी चाहिए।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें बड़े मार्जिन से जीत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में अभूतपूर्व विकास के काम हुए हैं। गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब लोगों के चेहरों पर खुशियां आई है। महिलाओं का जीवन सरल हुआ है। मोदी सरकार किसानों के हित की सोचने वाली सरकार है। दस सालों में किसानों को समृद्ध करने के लिए अनेकों योजनाएं बनाई है जिनका लाभ किसान ले रहे हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा की पारदर्शी शासन व्यवस्था पर युवाओं का विश्वास बढ़ा है। डबल इंजन की सरकार सभी लोगों को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। श्री बराला ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता विकसित भारत और विकसित हरियाणा के लिए मतदान करेगी और तीसरी बार देश में मोदी सरकार बनाएगी।

# इतिहास विभाग के इंटैक यंग क्लब द्वारा इंडक्शन व पुरस्कार वितरण का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय में आज दिनांक 04-04-2024 को इतिहास विभाग के तत्वावधान में इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा इंडक्शन व ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आनंद मेहता, संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर व प्रधान दयानन्द शिक्षण संस्था पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योंगपति व समाजसेवी शरद भसीन, श्रीमती हरप्रीत कौर, श्रीमती गीता मक्कड, श्रीमती संगीता नटराजन व महेश डावर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम में बीए प्रथम वर्ष की नई छात्राओं को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब में शामिल करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट प्रदान किये। साथ ही, अन्त: महाविद्यालय स्तर की भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरुस्कृत किया गया व इंटैक में जुड़े नए छात्रों को इंटैक यंग हैरिटेज क्लब की शपथ दिलाई गयी। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि अग्रवाल महाविद्यालय विगत पंद्रह वर्षों से निरंतर प्रतियोगिताएं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों, इमारतों व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। मुख्य अतिथि आनंद मेहता ने कहा कि अग्रवाल महाविद्यालय इंटैक यंग हैरिटेज क्लब के निर्माण से ही निरतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य महोदय जी ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेख व धरोहर हमारे अतीत की गौरव गाथाएं हैं और इनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम चेतन, द्वितीय पूनम सैनी, तृतीय सिम्मी शर्मा सांत्वना पुरस्कार रेखा सैनी, गीतिका शर्मा नगद धनराशि पुरस्कार अंजलि, रश्मि, रिया सोलंकी और याशिका ने प्राप्त किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ० सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद किया।

# बाबा साहेब ने की सर्व समाज के हक-हकूक की आवाज बुलंद : दीपक डागर

**बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस कार्यक्रम को लेकर दीपक डागर ने दिया देवेंद्र चौधरी को निमंत्रण**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर द्वारा आगामी 14 अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के 133वें जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के बड़े गांव फतेहपुर बिल्लौच के सरकारी हाई स्कूल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर शामिल होंगे। इस समारोह को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता दीपक डागर गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित कर रहे है। इसी कड़ी में श्री डागर ने आज नगर निगम के निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी को सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुंचकर समारोह में आने का न्यौता दिया। दीपक डागर ने कहा कि यह समारोह छत्तीस बिरादरी के लोगों का है क्योंकि बाबा साहेब ने किसी एक समाज की नहीं बल्कि सर्व समाज के हक-हकूक की आवाज बुलंद की थी, उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को उनके जन्मदिवस पर हम सभी देशहित में उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए उन्हें याद करेंगे और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री डागर ने बताया कि इस समारोह को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और समूचे पृथला क्षेत्र के कोने-कोने से हजारों लोग समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी से गुजारिश की कि वह भी इस कार्यक्रम में पहुंचकर इसकी शोभा बढ़ाएं। देवेंद्र चौधरी ने श्री डागर सहित अन्य गणमान्य लोगों को आश्वस्त किया कि कृष्णपाल गुर्जर जी के साथ-साथ वह अवश्य इस कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर धरमू सरपंच, दिनेश मास्टरजी, धर्मबीर, मनोज कौशिक, गरीबचंद, तिलकराज, जयप्रकाश, जगमोहन, खेमचंद, हरिचंद, दीपक, राधेश्याम, महेंद्र, प्रेमराज, तेजपाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मजबूत लोकतंत्र प्रणाली में सभी मतदाता निभाए अपनी भागीदारी : विक्रम सिंह



**लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग बढ़चढ़क़र करेगा मतदान : राजेश भाटिया**

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यापार मंडल के साथ मीटिंग कर मतदान के प्रति किया जागरुक**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी कम डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पर्व में जिला फरीदाबाद में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बने। उन्होंने कहा कि शहर के व्यापारियों, दुकानदारों, नौकरीपेशा, बुजर्गो व युवाओं को इसमें बढ़चढक़र अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्हें मतदान करने के प्रति जागरुक कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया, बंसीलाल कुकरेजा, गगन अरोड़ा सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे। विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। यह मतदाता की नैतिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि प्रजातंत्र प्रणाली में मतदान जरुरी है, वोट ही हमें सरकार चुनने की ताकत देता है। सभी व्यापारियों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिये। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह को विश्वास दिलाया कि शहर के व्यापारी लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़चढक़र हिस्सा लेकर मजबूत सरकार चुनेंगे। इस अवसर पर ब्यापार मंडल फरीदाबाद के पदाधिकारी नीरज मिगलानी, बंसीलाल कुकरेजा, गगन अरोड़ा, नंदराम पाहिल, आई.एस जैन, हरिराम सरोत, आलोक कुमार, राकेश पुरुथी, नीरज भाटिया, राम मेहर, रिंकल भाटिया, सुनील दत्त तंवर वह अन्य गणमान्य लोग उपर्सथित थे।

# अब फरीदाबाद जिला में ऑटो ड्राइवर करेंगे मतदाताओं को अधिक से मतदान के लिए जागरूक : लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह



**कहा, लोकसभा चुनाव-2024 में जिला में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान पहुंचाने का है लक्ष्य**

**स्वीप अभियान के तहत 33 हजार आटो पर विनाइल के जरिये करेंगे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित**

**लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी एडीसी आनन्द शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ऑटो चालकों को किया रवाना**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदाताओं को 25 मई मतदान पर्व की भागीदारी के लिए फरीदाबाद जिला में ऑटो ड्राइवर मतदाताओं को अधिक से मतदान के लिए जागरूक करेंगे। लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव-2024 में जिला फरीदाबाद में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान पहुंचाने का लक्ष्य है। स्वीप एक्टिविटी के तहत जिला में 33 हजार आटो पर विनाइल लगाए जा रहे हैं। जोकि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। आज वीरवार को लघु सचिवालय सेक्टर-12 से जिला लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी एडीसी आनन्द शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर चालकों को अपने अपने आटो के साथ विनाइल लगा कर रवाना किया गया है।

एडीसी एवं स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में स्वीप अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों और ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीप अभियान के तहत शिक्षण संस्थाओं में नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिता, सेमीनार और मतदान जागरूकता रैली के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। जिला प्रशासन का हरसंभव प्रयास रहेगा कि 18वीं लोकसभा चुनाव-2024 में जिला में मतदान 75 प्रतिशत से अधिक हो। जिला में विगत लोकसभा चुनाव में जिन बूथों पर 60 प्रतिशत से मतदान कम हुआ है, वहां पर स्वीप के तहत अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्वीप के नोडल अधिकारी/एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला में स्वीप प्लान तैयार किया गया है। इसमें नुक्कड़-नाटक, प्रतियोगिता, सेमीनार और मतदान जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वीप अभियान में बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करें। शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जागरूकता कार्यक्रमों के फोटो और वीडियो जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। ताकि उनको पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। इस दौरान एआरओ/एसडीएम बड़खल अमित मान, आटो यूनियन प्रधान भोपाल सिंह, जनरल सेक्रेटरी घनश्याम, अरविंद कुमार, पप्पन, जीतू, बबली सहित अन्य आटो चालक तथा अधिकारी गण मौजूद थे। बता दें कि फरीदाबाद में बदरपुर बाडर, बाईपास,पल्ला पुल, खेड़ी पुल, सैक्टर-28 मट्रो, बड़खल मेट्रो, बड़खल फ्लाई ओवर, बाटा चौक, ओल्ड फरीदाबाद, बीके चौक, बल्लभगढ़ बस स्टैंड सहित अन्य कई प्वाइंट पर आटो चालकों को की यूनियन बना कर यातायात के नियमों की पालना के लिए किए गए प्रशासनिक सहयोग किया जा रहा है।

# निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें : अशोक मीणा

**जिला में शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब की शिकायत त्वरित कार्यवाही हो सुनिश्चित**

**एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर व ई-मेल आईडी पर करें शिकायत**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग कमिश्नर अशोक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें। अशोक मीणा आज वीरवार को दोपहर बाद विडियो कांफ्रेंस के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों तथा आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करने बारे दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी आपसी तालमेल करके भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें। लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद में सभी उपमंडलाधीश अपने अपने इलाकों में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। जिला के सभी 13 नाकों पर पूरी तरह से सतर्कता बरते। सभी सेक्टर ऑफिसर्स से रेगुलर डेलीबेसिज बैठक करके पूरी जानकारी से अपडेट रहे।

**एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर व ई-मेल आईडी पर करें शिकायत:**

आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के सम्बन्ध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बनंधित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं। शिकायतें / सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल helpdesk@haryanatax.gov.in पर दर्ज की जा सकती है। नियंत्रण कक्ष सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही / बिक्री व हरियाणा राज्य में नकली शराब की आवाजाही व बिक्री के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है।

जिला में अवैध शराब की सप्लाई रोकने के लिए उठाए जा रहे हैं प्रभावी कदम :

लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में छठे चरण में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन और पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में एडीसी आनन्द शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अनतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अंकित कुमार, आरटीए कम एसीपी मुनीश सहगल सहित आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली निगम के ईएक्सईएन को समस्या से कराया अवगत

**अजय मित्तल ने अन्य लोगों के साथ बिजली निगम ईएक्सईएन संजय मंगला से मुलाकात की**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** नगर निगम के वार्ड नंबर-38 अंतर्गत बिजली से संबंधित समस्याओं के बारे में गुरुवार को बिजली निगम के ईएक्सईएन को अवगत कराया गया। समाजसेवी अजय मित्तल ने अन्य लोगों के साथ बिजली निगम ईएक्सईएन संजय मंगला से मुलाकात की। मित्तल ने बताया कि वार्ड नंबर-38 एरिया में जगह-जगह बिजली की तारें लटकी हुई है। जिस वजह से कोई भी हादसा हो सकता है। इसलिए उनकी जगह रबड़ चढ़ी तारें लगाई जाए। वहीं झुके हुए खंभों को भी तुरंत रिप्लेस कराया जाए। वार्ड के बहुत से एरिया में बिजली के पोल नहीं है। वहां पर नए पोल लगवाए जाएं। ईएक्सईएन ने लोगों की समस्या सुनने के तुरंत बाद संबंधित एसडीओ को फोन करके सभी समस्याएं के समाधान के लिए कहा। ईएक्सईएन ने आश्वासन दिया कि एक- दो दिनों में सभी समस्यायों का समाधान हो जाएगा। इस अवसर पर आदेश सिंगला व जगबीर सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने माईसीजीएचएस आईओएस ऐप किया लॉन्च



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव अपूर्व चंद्रा ने यहां उपकरणों के आईओएस इकोसिस्टम के लिए माईसीजीएचएस ऐप का लॉन्च किया। इस ऐप को केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड, सूचना और संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने लॉन्च के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, कहा कि माईसीजीएचएस ऐप स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सीजीएचएस के लिए एक आवश्यक है। यह सीजीएचएस लाभार्थियों को उनकी उंगलियों पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं तक सुविधाजनक पहुंच के साथ सशक्त बनाता है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के सरकार के विजन के अनुरूप है।

माईसीजीएचएस आईओएस ऐप को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) हिमाचल प्रदेश और एनआईसी स्वास्थ्य टीम की तकनीकी टीमों द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुविधाजनक मोबाइल एप्लिकेशन है जो सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए सूचना और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से सुविधाओं की पेशकश करता है। माईसीजीएचएस ऐप सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की सुविधा प्रदान करता है, जिसमें ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की बुकिंग और रद्द करना, सीजीएचएस कार्ड और इंडेक्स कार्ड डाउनलोड करना, सीजीएचएस प्रयोगशालाओं से लैब रिपोर्ट तक पहुंचना, दवा के इतिहास की जांच करना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे की स्थिति की जांच करना, रेफरल विवरण तक पहुंचना, आस-पास के वेलनेस सेंटर का पता लगाना, समाचारों और हाइलाइट्स से अपडेट रहना, पास के सूचीबद्ध अस्पतालों, प्रयोगशालाओं और दंत चिकित्सा इकाइयों का पता लगाना और वेलनेस सेंटर और कार्यालयों के संपर्क विवरण तक पहुंचना शामिल है। ऐप में 2-कारक प्रमाणीकरण और एमपीआईएन की कार्यक्षमता जैसी सुरक्षा विशेषताएं हैं जो यूजरों के डेटा की गोपनीयता और अखंडता सुनिश्चित करती हैं। यह आयोजन सीजीएचएस विभाग में डिजिटल स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। माईसीजीएचएस ऐप अब आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। सीजीएचएस लाभार्थियों को एक सहज स्वास्थ्य सेवा अनुभव के लिए इस नवाचारी समाधान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# उर्वशी रौतेला ने दी क्रिकेटर की हाइट का मजाक पर सफाई



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के साथ उर्वशी रौतेला के बीच सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है। इन दोनों के बीच के नोंक-झोंक की खबरें लोगों को खूब पसंद आ रही है। मीडिया में तब से इसकी चर्चा हो रही है जब उर्वशी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें एक होटल में किसी आरपी नाम के शख्स ने रात भर इंतजार किया था, जिससे लोगों को लगा कि वह ऋषभ पंत की बातें कर रही हैं। लेकिन ऋषभ पंत ने बाद में इसे पबलिसिटी स्टंट बताया और साफ किया कि उन्होंने उर्वशी से उनका पीछा छोड़ने की भी कोई बात नहीं कही। इसके बाद भी कई बार दोनों के बीच तकरार देखी गई, लेकिन इस बार कुछ अलग ही है।

**उर्वशी पर मजाक उड़ाने के आरोप**

उर्वशी ने लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है और लिखा है कि उन्होंने ऐड में जो भी दिखाया है वो केवल स्क्रिप्ट का हिस्सा था। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों एक मेट्रिमोनियल ब्रैंड के ऐड में नजर आईं, जिसमें वह एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स को लेकर बातें कर रही हैं। वह कहती दिख रही हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं और इनमें से कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं।

**उर्वशी ने दी है सफाई**

इस ऐड के आते ही लोगों को लगा कि ये ऋषभ पंत की तरफ एक्ट्रेस का निशाना है और वे एक्ट्रेस को ट्रोल करने लगे। लोगों का कहना है कि उर्वशी ने भले क्रिकेटर का नाम नहीं लिया लेकिन ये उनका ही मजाक उड़ा रहीं। उर्वशी ने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट करते हुए लिखा है, ये ब्रैंड की कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर डायरेक्ट इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते मैं समझती हूं कि ब्रैंड के एंबैसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या असर पड़ सकता है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# बसों पर बैनर चस्पा कर दी जा रही चुनाव महापर्व 25 मई की जानकारी : जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा

### स्वीप गतिविधियों से अधिक से अधिक लोगों का मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान







**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत प्रदेश में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। इस मतदान में जिला के सभी मतदाता बढ़-चढक़र भाग लेंगे। जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक मतदाता चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाने, जागरुकता रैली निकालने, वोट करने की अपील करने जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के दिशा-निर्देश अनुसार रोडवेज की बसों पर भी बैनर चस्पा किए गए हैं, जिसमें मतदाताओं को मतदान की तिथि के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ इस बैनर पर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 के बारे में भी जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि बसों पर बैनर का उद्देश्य है कि जिला के सभी लोगों को चुनाव के इस महापर्व की जानकारी रहे और वह इस चुनाव महापर्व में अपने मत का उपयोग अवश्य करें।

# एसडीएम ने अनाज मंडी तावडू में खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम तावडू संजीव कुमार ने वीरवार को नई अनाज मंडी, तावडू का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी तावडू मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने अनाज मंडी मे अपनी फसल बेचने आये हुए किसानो से मिलकर उनसे खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई आ रही समस्या बारे वार्ता की व किसानो को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी आगन्तुक किसान की जा रही खरीद व दी जा रही सुविधाओं से सन्तुष्ट पाये गये। इस दौरान अधिकारीगण नें आगन्तुक किसानों को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की भी उन्हे जानकारी दी तथा उनको आगामी मतदान दिवस 25 मई 2024 को होना है। इस मतदान के दिन आप सभी को आगे आकर अपने मत का प्रयोग करना है। मार्केट कमेटी के कर्मचारियों के माध्यम से अपनी देख-रेख में हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए दिये गये जागरुकता सन्देश को भी वितरित करवाया व किसानों द्वारा फसल बेचने के लिए लाये गये साधन ट्रक्टरो इत्यादि पर जागरूकता सन्देश को चस्पा करवाया गया ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के चुनाव का पर्व – देश का गौरव लोक सभा चुनाव -2024 के मतदाता जब पहुंचे बूथ, लोकतन्त्र करे मजबूत, के सन्देश को पहुचाया जा सके।




## संपादकीय

# जनता पूछ रही है: इस रिश्ते को क्या नाम दें?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देश में लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर 'इंडी' गठजोड़ के तहत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबन्धन हो चुका है। देश के अन्य हिस्सों जैसे दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और गोवा में दोनों दल मिल कर चुनाव लड़ेंगे जबकि पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ। इस अजीबो-गरीब गठजोड़ को देख कर हास्य अभिनेता कादर खान की उस फिल्म में कॉमेडी का स्मरण हो आया जिसमें प्रेमी की माँ और प्रेमिका का बाप भी एक दूसरे के चक्कर में पड़ कर शादी कर बैठते हैं। अब इस रिश्ते से प्रेमी अपनी प्रेमिका का भाई हो गया और उसका अपना पिता उसका ससुर भी बन गया। प्रेमिका भी अपनी माँ को सासू कहे या मम्मी, उसे समझ नहीं आ रहा था। परिवार में इन दोनों जोड़ियों के होने वाले बच्चों के सामने समस्या पैदा हो गई कि कौन किसको किस रिश्ते से पुकारे? इसी तर्ज पर उक्त राजनीतिक गठजोड़ को देख कर यह बात सत्य साबित हो गई है कि देश में नई तरह की राजनीति का वायदा करके आए अरविंद केजरीवाल ने वास्तव में नया कर दिखाया है। हालांकि इस तरह के बेमेल गठजोड़ अतीत में भी कुछ स्थानों पर होते रहे हैं परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार यह बेर और केर का साथ चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ चले अन्ना हजारे आन्दोलन से उपजी आम आदमी पार्टी अब उसी के पक्ष में दिखाई दे रही है।

रोचक है कि चुनावों में प्रचार के दौरान पंजाब में कांग्रेस जहां भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार को कोसेगी और अरविंद केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को उछालेगी वहीं दोनों दल दूसरे राज्यों में एक-दूसरे की पीठ खुजाएंगे। केंद्र में अगर सत्ता परिवर्तन होता है तो यहां के सांसद चाहे वह कांग्रेस के हों या आप के एक साथ सरकार में बैठेंगे और भाजपा सरकार बनी रहती है तो विपक्ष में गलबहियां डाले दिखेंगे, यानि हमीं से मुहब्बत हमीं से लड़ाई- अरे मार डाला दुहाई दुहाई। पंजाब में इस रिश्ते को फिक्स मैच या नूरा कुश्ती का नाम दिया जाने लगा है। कल 1 मार्च को पंजाब विधानसभा में शुरू हुए बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने पंजाब में शंभू सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन में मारे गए युवक को लेकर आप की सरकार को घेरा तो सत्तापक्ष ने कांग्रेस पर पलटवार किया।

# खेत से पशु चारा लेने गई महिला हुई लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से 28 वर्षीय महिला रहस्यमय परिर्स्थिति में लापता हो गई। इस बारे में प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 2 अप्रैल को दोपहर डेढ बजे घर से खेत में पशु चारा लेने गई थी जो वापिस लौटकर नहीं आई। प्रमोद अपने भाई के साथ कृषि उपकरण का सामान लेने कनीना गए हुए थे। इस बारे से घर से उनके मोबाईल फोन पर संदेश गया तो उन्होंने आकर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने महिला के गुमशुदा होने का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## 11 मई को न्यायिक परिसर कनीना में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 11 मई को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट सुनील यादव रामबास ने बताया कि 11 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत जिन व्यक्तियों का विवाद कोर्ट में लंबित है या फिर कोई विवाद अभी कोर्ट में पहुंचा ही नहीं है और उसे आप आपसी समझौते से निपटना चाहते हैं तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं,जिससे 11 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत में आपसी समझौते से केस का निपटारा किया जा सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, मिश्रित अपराधिक मामले,भूमि अधिग्रहण,बैंक रिकवरी,पेंशन,उपभोक्ता शिकायत,बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर आमजन लोक अदालत व अन्य कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कायस्थ भुर्जी समाज का विशाल अधिवेशन हुआ आयोजित



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला नूह में कायस्थ भुर्जी समाज का विशाल अधिवेशन हुआ जिसमे जिले के सभी खंडों पुनहाना, पिनगंवा ,झिरका फिरोजपूर, नगीना, मालव, तावडू, आकेडा, आदि के सभी भुर्जी समाज के लोगों ने अपने विचार रखे। और जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमे सर्व सम्मति से श्री राजू माथुर नूह को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया और गोपाल माथुर को जिला उपाध्यक्ष घोषित किया गया नगीना से रामअवतार जी और मालव से रिंकू, संजय , सुभाष , पिंनगवा,से कन्हैया ,नगीना से संजय माथुर, तावडू से भगत जी, झिरका से ओमी, पुनहाना से सुनील आदि ने बताया कि राजू माथुर बहुत लम्बे समय से समाज की सेवा कर रहे हैं इनके जिला अध्यक्ष बनने पर हमारा समाज मजबूत होगा ।

# निर्धन परिवार के हौनहार बच्चे रह सकते हैं चिराग योजना से वंचित

## महेंद्रगढ जिले के सैंकडों निजी स्कूलों में से केवल 7 ने दी दाखिले की सहमति

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षा विभाग में 134ए के तहत दाखिले बंद कर संचालित की गई चिराग योजना,सीएम हरियाणा इक्वल एजूकेशन रिलीफ एसिस्टेंस एंड ग्रांट, के अंतर्गत निर्धन,जरूरतमंद एवं बीपीएल श्रेणी के बच्चे निजी स्कूलों में पढाई कर सकेगे। इस बारे में मौलिक शिक्षा निदेशालय चंडीगढ की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर दाखिला देने के सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पत्र के मुताबिक शिक्षा सत्र 2023-24 में सरकारी स्कूलों में पढ रहे आर्थिक रूप से कमजोर तथा 1 लाख 80 हजार रूपये परिवार पहचान पत्र वाले अभिभावक शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा चैथी से 12वीं तक निजी एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवा सकते हैं। प्रदेश के सभी जिलों के स्कूलों की रिक्तियों की संख्या शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसमें आवेदन का प्रारूप,गाईडलाईन की प्रति तथा विद्यालयों की सूचि भी अटैच है।



कनीना के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि इस योजना में केवल वही विद्यार्थी पात्र होगें जिन्होंने चालू शिक्षा सत्र में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की है। ऐसे छात्र आगामी 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में रिक्तियों की संख्या से अधिक आवेदन होते हैं ऐसी स्थिति में 12 अप्रैल को लॉटरी सिस्टम से चयन किया जाएगा। 13 से 25 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों की सूचि नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी।

मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों ने दाखिलों को लेकर नहीं दी सहमति

दिलचस्प बात है कि महेंद्रगढ जिले में सैंकडों की संख्या में मान्यता प्राप्त निजी स्कूल हैं। शिक्षा विभाग की ओर से जिलेभर में केवल मात्र 7 स्कूलों को सूचि में दर्शाया गया है जबकि महेंद्रगढ जिला 8 खडों में विभाजित है। ये बात अलग है कि शिक्षा विभाग के रिकार्ड में 5 ब्लाक कार्यरत हैं। ऐसे में खंडवार एक स्कूल भी पात्र विद्यार्थियों के हिस्से नहीं आया। संभवतया प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों की संख्या सीमित आंकी गई है। जिससे अभिभावकों में रोष है। ऐसे में हौनहार विद्यार्थियों द्वारा निजी विद्यालय में पढने के लिए संजोया सपना अधूरा रह सकता है। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से बीते समय निजी स्कूलों से ऑनलाईन विलिंग मांगी गई थी। जिन स्कूलों से सहमति मिली उनको ही सूचि में शामिल किया गया। जिन स्कूलों ने चिराग योजना में दाखिले के लिए सहमति नहीं दी उनके लिए आवेदन भी नहीं किए जा सकते। इस बारे में अधिक जानकारी डीईईओ नारनौल ही दे सकते हैं।

# हमारी गंगा-जमुना तहजीब व आपसी भाईचारा पूरी दुनिया में है मिसाल : चौधरी जाकिर हुसैन

**करनाल जिले के गाँव चांद सराय में हुआ दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे मुख्य अतिथि।**

**दावत-ए-इफ्तार में 36 बिरादरी के लोगों ने लिया भाग, दिया आपसी भाईचारे व अमन का संदेश**

**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने करनाल लोकसभा प्रत्याशी श्री मनोहर लाल व विधान सभा प्रत्याशी श्री नायब सिंह सैनी के पक्ष में वोट माँगे**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बृहस्पतिवार को करनाल जिले के गाँव चांद सराय में समस्त मुर्स्लिम समाज द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे तथा दावत-ए-इफ्तार में काफी संख्या में 36 बिरादरी के लोगों ने हिस्सा लेकर हिंदू-मुर्स्लिम, सिख-ईसाई सर्व धर्म के आपसी भाईचारे व अमन-चैन का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख उलेमाओं, मौलानाओं व लोगों ने देश-प्रदेश में अमन-चैन व भाईचारे तथा उन्नति के लिए दुआएँ माँगी। दावत-ए-इफ्तार में पंहुचनें पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का प्रमुख लोगों ने फूलमालाओं, पुष्प वर्षा व शॉल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि गाँव के मुर्स्लिम समाज द्वारा इस भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन कर एक सराहनीय कदम उठाया है। दावत-ए-इफ्तार से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढता है। आज दावत-ए-इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लेकर आपसी भाईचारे व प्रेम की मिसाल कायम की है। हमें ज्यादा से ज्यादा इस तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा ओर भी ज्यादा बढे। उन्होंने कहा कि गरीब, मजलूम, जरूरतमंद व बेसहाराओं की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ये सबसे बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बरकतों, रहमतों व ईबादतों का महीना है। इस पाक महीने में हमें मजलूमों, बेसहारा और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। रोजा पूरे दिन भूखा और प्यासा रहकर जरूरतमंद लोगों की मदद करने का नाम है। इस दावत-ए-इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने हिस्सा लेकर हमारे देश की गंगा जमुना तहजीब की मिसाल दी है, इसके लिए वे सभी ग्रामवासियों को मुबारक़बाद देते हैं। दावत-ए-इफ्तार के बाद इस भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने आगामी लोकसभा चुनावों में करनाल से लोकप्रिय प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी व करनाल विधानसभा से प्रत्याशी माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के पक्ष में वोट की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने प्रदेश का समान विकास किया है और करनाल तो उनका गृह जिला है। माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और हरियाणा प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उप चुनाव में दोनों लोकप्रिय नेताओं को भारी मतों से विजयी बनाएँ। गाँववासियों ने आश्वासन दिया कि दोनों प्रत्याशियों श्री मनोहर लाल व नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाएँगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुबीन प्रधान चांद सराय, शमशेर, कमल मिद्दा, कैलाश चौपड़ा, मोहन लोधी, असलम नंदी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष वाजिद अली बल्हेड़ा प्रधान, नौशाद सरपंच गाढ़पुर टापू, इरशाद नंबरदार, कय्युम करनाल, रहीश, सचिन नंदी, दिलप्रीत सिंह, दिनेश शर्मा, ललित शर्मा आदि के अलावा सैंकडों मौजिजान व रोजेदार मौजूद रहे।

## नूंह पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी, अनाज मंडी नूंह में लोगों को किया जागरूक



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के आदेशों की अनुपालना में आज निरीक्षक विमल राय प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह की टीम ने अनाज मंडी नूंह में लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया। जिला नूंह पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं। जागरूकता अभियान के दौरान साइबर विशेषज्ञ ने बतलाया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा । वैसे जिला नूंह में साइबर क्राइम थाना व साइबर सैल गठित है, जो लगातार इस दिशा में काम रही है । इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है । उन्होंने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी । फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप से लोगों को जागरूक रहने के लिए कहा गया । सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी जागरूक किया गया। उन्होंने साइबर ठगी होने पर डायल 1930 पर शिकायत रजिस्टर्ड करने बारे सलाह दी।

# जागरूकता ही साइबर अपराध पर अंकुश की दिशा में बेहतर कदम : सुधीर कुमार

## शिविर आयोजित कर आमजन को जागरूक कर रहे पुलिस अधिकारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** इंटरनेट की दुनिया से भले ही आमजन के जीवन में बड़े बदलाव आए हों लेकिन साइबर क्राईम होने से अब उतना ही खतरनाक भी साबित हो रहा है। आमजन की जागरूक्ता ही साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बेहतर कदम है। ये विचार कनीना सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक डॉ सुधीर कुमार व एसआई तपेंद्र सिंह ने बस स्टैंड परिसर कनीना में आयोजित जागरूक्ता शिविर में व्यक्त किए। उन्होंने यात्रियों तथा आमजन से कहा कि साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से सीधे-साधे लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार थाना इंचार्ज द्वारा



आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दौंगडा अहीर और बस स्टैंड कनीना पर जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों,युवाओं, शिक्षकों और आमजन को जागरूक किया गया। निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स,धोखेबाज पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। उन्होनें बताया की आपकी सहायता करने के लिए बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे किसी प्रकार की जानकारी न दें। मैसेज, एफबी, इंस्टाग्राम,मेल आदि के मध्यम अज्ञात एवं प्रलोभन वाले लिंक पर क्लिक ना करें। सावधानी बरतने से हम मोबाइल फोन, उसकी वीडियो कॉल आदि के जरिये होने वाले अपराधों से बच सकते हैं। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को अपने व अपने परिवार सम्बंधी जानकारी न दें और निजी जानकारी भी शेयर करने से बचें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर काल करें। इस संदर्भ में शिकायत सम्बंधित थाने में दर्ज कराऐं।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# राव इंद्रजीत की कार्यकर्ता बैठक सम्मेलन में परिवर्तित कार्यकर्ता बैठक में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखकर राव इंद्रजीत बेहद खुश नजर आए

**इस बार मेवात से राव इंद्रजीत को मिलेंगी रिकॉर्ड तोड़ वोट स्थानीय नेताओं ने दिलाया भरोसा।**

**जाहिद चेयरमैन के प्रयासों से मेवात में भाजपा मजबूत, सैकड़ों लोगों को कराया भाजपा में शामिल।**

**बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कार्यकर्ता बैठक में शामिल होने के लिए पटेल वाटिका नूंह पहुंचे।**

**बैठक में कार्यकर्ताओं के जोश, उत्साह और उमड़ी भीड़ को देखकर राव इंद्रजीत सिंह बेहद ही खुश नजर आए।**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए राव इंद्रजीत ने कहा की मैंने तो कार्यकर्ताओं की एक छोटी सी बैठक बुलाई थी, लेकिन मेरे सामने उमड़ी भीड़ ने इस कार्यकर्ता बैठक को एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में परिवर्तित कर दिया है जिसके लिए मैं मेवात की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, हालांकि पिछले तीन लोकसभा चुनाव में मुझे नूह जिले से काफी कम वोट मिले थे लेकिन इस बार मुझे लगता है की नूहं जिले की जनता मुझे पिछले कर्ज को उतारने के लिए इस बार भारी संख्या में वोट देने का कार्य करेगी, उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मेवात की जनता मुझे तीनों विधानसभाओं से जीतकर भेजेगी। राव इंद्रजीत ने बैठक में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ता बैठक में जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, हरियाणा सरकार में मंत्री कुंवर संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ज़ाहिद हुसैन, पूर्व विधायक ज़ाकिर हुसैन, मनीष मित्तल, प्रदेश सचिव नसीम अहमद, आजाद मोहम्मद, जिला प्रमुख जान मोहम्मद, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, आलम उर्फ मुंडल ने मंच के माध्यम से कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार में मंत्री कुंवर संजय सिंह ने कहा की हर बार मेवात की भोली भाली जनता को कोई ना कोई बेवकूफ बनाकर इनका वोट हासिल कर लेता है और बाद में ढूंढने से भी वह शख्स नहीं मिलता लेकिन इस बार मेवात की जनता समझ चुकी है कि उनका सच्चा हमदर्द कौन है इसलिए मेवात की जनता ने मन बना लिया है कि राव इंद्रजीत सिंह को वोट देना है और किसी के बहकावे में नहीं आना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जाहिद हुसैन अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की राव साहब की साफ छवि सच्चाई और ईमानदारी को देखकर मेवात की जनता इस बार के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से राव इंद्रजीत सिंह को जिताकर छठी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में अपना वकील बनाकर भेजने का काम करेगी उन्होंने कहा कि राव साहब बेशक पिछले चुनाव में आपको मेवात से कम वोट मिले हो लेकिन इस बार मेवात की जनता आपको दिल खोलकर वोट करेगी जाहिद अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से भी अपील करते हुए कहा कि इस बार पहले से ज्यादा मेहनत करते हुए राव साहब के लिए घर-घर जाकर वोट मंगानी है। उन्होंने कहा कि इस बार मेवात से राव इंद्रजीत सिंह को लगभग तीन लाख से अधिक वोट मिलने की उम्मीद है और देश में पहले नंबर की जीत जो कि दक्षिण हरियाणा के शेर राजा राव इंद्रजीत सिंह के नाम दर्ज होगी।

इस कार्यकर्ता सम्मेलन में जाहिद हुसैन के प्रयासों से जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल की अध्यक्षता में राव इंद्रजीत सिंह की गरिमाई उपस्थिति में सैकड़ो लोगों को भाजपा परिवार में शामिल किया गया जिसमें मुख्य रूप से हाजी इकबाल सरपंच साईंमीरवास, डॉ0 जावीद सरपंच, सलीम सरपंच सुलेला, सद्दाम सदस्य पंचायत समिति, नसीम ठेकेदार, हनीफ सरपंच रावली, जफर सरपंच नावली, जेद सरपंच कमेड़ा, आजम सरपंच नारियला, सोहराब सरपंच, सतीश गुर्जर टेकड़ी, रॉबिन सरपंच, नसीम पूर्व सरपंच, फतेह मोहम्मद उप अध्यक्ष फिरोजपुर झिरका, मुबारक, अरशद, जाहिद, मौलाना शकील, रफीक, वसीम, शरीफ, जुबेर, हारून, नियाज मोहम्मद, रघुवीर सरपंच कोलगांव, नज्जु सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा पार्टी में विश्वास जताया।

कार्यकर्ता बैठक में मुख्य रूप से भानीराम मंगला, खुर्शीद राजाका, जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य व श्रीपाल शर्मा, डॉ ओमवीर शर्मा, प्रोफेसर हंसराज, मास्टर सुरेंद्र पिंटू, सुरेंद्र देशवाल, औरंगज़ेब, रमेश मानुवास, गोल्डी शर्मा, मास्टर गंगादान डागर, डॉ सुरेश बघेल, हबीब हमन्ननगर, यादराम भट्टा वाला, सलीम सरपंच लोहिंगा, डॉ महेंद्र गर्ग, राजकुमार गर्ग, अर्जुन देव चावल, करम इलाही, अजमत भादस, फजरुद्दीन बेसर, अकबर सरपंच साकरस, बीरपाल कालयाका, योगेश तंवर, सोनू नागपाल, दलबीर तंवर, जफरुद्दीन बाघोड़िया सहित अन्य सेकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग ने किया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म Myth Vs Reality Register लांच

**एक क्लिक पर मिलेगी विश्वसनीय व प्रमाणित चुनाव संबंधी जानकारियां**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के दौरान गलत सूचना के प्रचार-प्रसार से निपटने व चुनावी प्रक्रिया की गरिमा व अखंडता बनाए रखने के लिए मिथ व रियलिटी पर आधारित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म Myth Vs Reality Register लांच किया है। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट mythvsreality.eci.gov.in/ पर जनता के लिए उपलब्ध है। विश्व स्तर पर कई लोकतांत्रिक देशों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार के बढ़ती चिंता को देखते हुए आयोग का प्रयास है कि मतदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक, प्रमाणित और सत्यापित जानकारी मिले।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि Myth Vs Reality Register चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिजाइन किया गया है, जो व्यापक रूप से ईवीएम/वीवीपीएटी, मतदाता सूची/मतदाता सेवाओं, चुनाव संचालन और अन्य विषयों से संबंधित मिथक जानकारियों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है।

यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संभावित मिथक जानकारियों, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और सभी हितधारकों के लिए विभिन्न अनुभागों के तहत संदर्भ सामग्री प्रदान करता है।

रजिस्टर को नियमित आधार पर अपडेट किया जाएगा। सभी हितधारकों को किसी भी चैनल के माध्यम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध जानकारी को Myth Vs Reality Register में दी गई जानकारी से सत्यापित और पुष्टि करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्लेटफॉर्म का उपयोग जानकारी को सत्यापित करने, गलत सूचना के प्रसार को रोकने, मिथक जानकारियों को दूर करने और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाएगा। उपयोगकर्ता रजिस्टर से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी जानकारी साझा कर सकते हैं।

# नवोदय में चयनित बच्चों को जिला प्रशासन ने किया सम्मान



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नन्हें कलाम कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन और सामाजिक संस्था सेल्फ रिलायंट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में नन्हें कलाम कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों के बच्चों की जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिले की तैयारी कराई जाती है। इस बार जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से 22 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस मौके पर नव चयनित सभी विद्यार्थियों और उनके स्वजन को सब डिविजनल मजिस्ट्रेट विकाश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह और जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने सम्मानित किया। एसआरआइ संस्था की जिला समन्वयक पूजा कुमारी ने बताया कि संस्था द्वारा चलाई जा रही नन्हे कलाम परियोजना के तहत रेवाड़ी व अन्य जिलों में राजकीय विद्यालयों में छुट्टी के बाद निशुल्क कक्षाएं लगाई जाती हैं। सात वर्षों से संस्था के सहयोग से जिले के 97 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित सदस्य बेरली कलां से प्राइमरी हेड वीरेंद्र सिंह, प्राइमरी अध्यापक भूप सिंह, ब्लू एंड ग्रीन हॉब्स से पंकज, सेल्फ रिलायंट इंडिया संस्था से पूजा, भूपेंद्र, योगेंद्र, पिंकी, निशा उपस्थिति रहे।

# लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए अवैध शराब की मूवमेंट पर रखें कड़ी नजर : अशोक कुमार मीणा



**उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**जिला में पुलिस द्वारा 13 नाके लगाए गए, जिन पर रखी जाएगी कड़ी नजर**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा अशोक कुमार मीणा ने वीरवार को जिला उपायुक्तों व विभाग के जिला अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की, जिसमें उन्होंने सभी जिलों में लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए अवैध शराब के प्रवाह को पूरी रूप से रोकने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारी मिलकर टीम के रूप में कार्यवाही करें तथा अवैध शराब के मूवमेंट पर कड़ी नजर रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने वीसी के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला नूंह में आबकारी विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मिलकर गश्त करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने बताया कि जिला में पुलिस द्वारा 13 नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध शराब बरामद होती है और उसके तार जिले से जुड़े हैं तो संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अंतर जिला व अंतराज्यीय सीमाओं नाकों पर भी पूरी निगरानी रखी जाए। राजस्थान प्रदेश के साथ लगते रास्तों पर स्थित नाकों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। अवैध शराब तैयार जैसी संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जाए। अवैध अथवा नकली शराब बेचने/तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित बनाई जाए। मैरिज पैलेसों, गोदामों व शराब भंडारण वाले स्थानों पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि अगर उन्हें कहीं भी अवैध शराब के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस विभाग या आबकारी विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसी तरह अगर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब या कोई अन्य नशीला पदार्थ बांटा जा रहा है तो इसकी भी सूचना तुरंत दी जाए। उन्होंने कहा कि लोग इसकी रिपोर्ट सी-विजिल एप के जरिए कर सकते हैं। सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। इस मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक व डीईटीसी अनुपमा भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस राज्यसभा सांसद अपने अभद्र बयान के लिए मांगे माफी : वन्दना पोपली

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा आपत्तिजनक दिए बयान को लेकर माफी मांगने को कहा। वंदना पोपली ने बताया कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के सम्मान की कोई जगह नहीं है। इनकी घटिया मानसिकता, इनकी सोच इनके बयानों में झलकती है। रणदीप सिंह सुरजेवाला बेशक से किसी सम्मानजनक पद पर बने हुए हैं परंतु उनके द्वारा एक जनसभा में मथुरा से सांसद रही व वर्तमान में सांसद का चुनाव लड़ रही हेमा मालिनी पर भद्दी व अभद्र टिप्पणी ने देश व प्रदेश की महिलाओं के सम्मान को क्षति पहुँचायी है। व भृष्टाचार में डूबी कांग्रेस की महिला विरोधी सोच को दर्शाया है। कांग्रेस के इन सत्ता के भूखे लोगों को जनता व नारी शक्ति से कोई मतलब नहीं है। वंदना पोपली ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं बार-बार घटिया बयानों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने आप को सुशोभित किया है। चाहे वह विवादित बयान दिग्विजय सिंह द्वारा अपनी ही पार्टी की कार्यकर्ता के लिए हो । इनके दिग्गज नेताओं के तो कहने हीं क्या इनके साथ इनके पदचिन्हों पर चलते हुए कांग्रेस की महिला नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी व माफी मांगती फिरी, चाहे राहुल गांधी द्वारा बड़ोदरा में महिलाओं को लेकर अमर्यादित बयान की संघ की शाखाओं में महिलाएं छोटे कपड़े पहने दिखती हैं उनकी घटिया सोच को दिखाता है व दिखाता है कि इनकी मोहब्बत की दुकान का शटर जब भी खुलता है तो ऐसे ही बयान निकलते हैं वंदना पोपली ने बताया कांग्रेस के नेताओं का मानसिक स्तर किस हद तक गिर चुका है। दिमागी तौर से पूरी तरह बौखलाए हुए हैं क्योंकि इनकी संकुचित मानसिकता व विचारधारा को छोड़कर देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगी है। जिस देश की जनता ने कभी इनको शीर्ष पदों पर बैठा कर देश को चलाने के लिए सत्ता की चाबी दी थी व 70 सालों तक गरीबी हटाने का नारा देने वाली भृष्टाचारी कांग्रेस से जनता की गरीबी तो नही पर इनकी गरीबी जरूर दूर हुई व इनके तहखानों से नोटों के पहाड़ निकलने लगे उसी जनता ने इनको ऐसा सबक सिखाया की जनता को ही यह गाली देने लग गए हैं अपमानजनक टिप्पणी करने लग गए हैं। जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि देश की आंखों में धूल झोंकने वालों व अपने घरों व तहखाने को भरने वालों को जनता ने घर बैठाने का रास्ता दिखाया है।



वन्दना पोपली ने बताया कि आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा है। इसलिए इस बार भी लोकसभा के होने वाले चुनाव में जनता मन बना चुकी है कि भारतीय जनता पार्टी को अबकी बार 400 पार करके दिखाना है तथा जनता कांग्रेस पार्टी व इनके बिखरे हुए गठबंधन के नेताओं को चुन चुन कर घर बैठाने का काम करेगी । मोदी विरोध मे ये लोग कब देश विरोध और महिला विरोध मे चले गए इनको खुद को ही नही पता क्योंकि ये लोग मानसिक दिवालियापन के शिकार हो चुके है । वन्दना पोपली ने बताया कि प्रियंका गांधी बोलती थी लड़की हुँ लड़ सकती हूँ लेकिन इनके भाई राहुल गांधी ने शक्ति के बारे मे जो वक्तव्य दिए पूरे देश ने देखे । इनको आज अपनी पार्टी के नेताओ की मानसिकता से लड़ने की जरूरत है जो राजनैतिक हताशा के कारण महिलाओं पर स्तरहीन शब्दावली का प्रयोग करते है अगर कांग्रेसी नेता महिलाओं को सम्मान नही दे सकते तो कम से कम अपमान जनक टिप्पणियों पर लगाम लगानी चाहिए।







# ''सूरजेवाला जी का हेमा मालिनी के बारे में ब्यान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण हैं'' : अनिल विज

**कांग्रेस का महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव द्वारा लिखी पुस्तक ''दी इनसाइडर'' में है अनिल विज**

**''पहले इनकी (कांग्रेस) सोच सुधारनी पडेगी और इसके लिए कुछ न कुछ करना पडेगा'' विज**

**''आम आदमी पार्टी के नेताओं का ब्रेन यू-टर्न हो गया है''- विज**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**अम्बाला, 4 अप्रैल।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सूरजेवाला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ''सूरजेवाला जी का हेमा मालिनी के बारे में ब्यान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण हैं''। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

**कांग्रेस का महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव द्वारा लिखी पुस्तक ''दी इनसाइडर'' में है विज**

उन्होंने कहा कि ''इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक ''दी इनसाइडर'' लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है''। श्री विज ने कहा कि इधर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी महिलाओं को आगे लाना चाहते हैं, तथा महिलाओं को आगे बढाने के लिए 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने हेतू पार्लियामेंट से नारी शक्ति विधेयक पास किया गया है।

**''पहले इनकी (कांग्रेस) सोच सुधारनी पडेगी और इसके लिए कुछ न कुछ करना पडेगा'' विज**

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर ब्यानी प्रहार करते हुए कहा कि ''पहले इनकी (कांग्रेस) सोच सुधारनी पडेगी और इसके लिए कुछ न कुछ करना पडेगा, अगर इस प्रकार के भेडिए इस तरह की बातें करते हैं''। उन्होंने रणदीप सूरजेवाला के ब्यान की कडी आलोचना करते हुए कहा कि ''किस प्रकार से 33 प्रतिशत महिलाएं फील्ड में आएगी और कैसे महिलाएं घरों से बाहर निकल सकेंगी''। श्री विज ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि ''सूरजेवाला जी को मैं बता दूं कि क्या इनकी विचारधारा और क्या सोच है इनके पिता जी की एक वीडियो वायरल हुई थी उसको निकाल कर देख लो, तो इनकी सोच पता चल जाएगा''।

**''आम आदमी पार्टी के नेताओं का ब्रेन यू-टर्न हो गया है''- विज**

इसी प्रकार, एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ''आम आदमी पार्टी के नेताओं का ब्रेन यू-टर्न हो गया है। जो कुछ सत्ता में आने से पहले इन लोगों (आप पार्टी) ने कहा, इन लोगों ने भाषण दिए, इन लोगों ने लोगों को बताया, बता-बता कर अन्ना हजारे के आंदोलन का फायदा उठाकर धोखे से अपनी आम आदमी पार्टी बनाई और अब ये उसके विपरीत काम कर रहे हैं''। उन्होंने आप पार्टी के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि ''इनका (आप पार्टी) चुनाव निशान झाड़ू हैं, इसलिए मैं चाहूंगा कि पहले ये सभी (आप) झाड़ू से अपना दिमाग साफ करें, फिर ये मंचों पर आकर बातचीत करें''।

# पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने टांगरी नदी पर काज-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**निर्माण एजेंसी को कार्य तेजी से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए पूर्व मंत्री अनिल विज ने**

**काज-वे बनने पर लोग करधान से सीधा टांगरी बांध रोड पर आसानी से आ-जा सकेंगे**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**अम्बाला, 04 अप्रैल।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी ने टांगरी नदी पर काज-वे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी स्टाफ को कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए।

श्री विज ने नदी के ऊपर बनने वाले काज-वे निर्माण के कार्य को बरसातों से पहले पूरा करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस काज-वे के बनने से टांगरी बांध रोड से सीधा करधान तक रोड कनेक्टिविटी मिलेगी और दोनों तरफ आना-जाना पहले से भी आसान होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी स्टाफ से निर्माण कार्य की पूरी जानकारी ली। निर्माण एजेंसी प्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और पानी के बहाव को डाइवर्ट किया जा रहा है, इसके बाद नदी तक काज-वे निर्माण के लिए फाउंडेशन एवं अन्य कार्य किए जाएंगे।

पूर्व मंत्री अनिल विज ने इस दौरान कहा कि काज-वे के बनने से टांगरी नदी के दोनों तरफ बसे लोगों को आना-जाना आसान होगा। भविष्य में ब्राह्मण माजरा में डेयरी कांप्लेक्स बनना है और इस काज-वे से ग्वालों को डेयरी कांप्लेक्स तक आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी।

**कई कालोनियों के निवासियों को मिलेगा लाभ**

गौरतलब है कि टांगरी बांध रोड पर निशात बाग व डीसेंट कालोनी के पास से काज-वे का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। काज-वे टांगरी नदी के दूसरे छोर पर करधान में जाकर मिलेगा। इस रास्ते के बनने से नदी के दोनों तरफ बसी कई कालोनियों के अलावा गांव के निवासियों को दोनों तरफ आने-जाने में नया रास्ता मिलेगा और समय की बचत होगी। उन्हें जगाधरी रोड पर जाने के बजाए सीधा शहर की तरफ आने में नया रास्ता उपलब्ध होगा। काज-वे बनने से करधान, प्रभु प्रेम पुरम, सोनिया कालोनी, नग्गल, ब्राह्मण माजरा व अन्य क्षेत्रों के अलावा टांगरी नदी के दूसरे छोर पर स्थित बीडी फ्लोर मील क्षेत्र में निशात बाग, डीसेंट कालोनी, एकता विहार एवं अन्य कालोनियों के हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि सिंचाई विभाग द्वारा काज-वे का निर्माण कार्य 1.91 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। काज-वे लगभग 18 फुट चौड़ा होगा जबकि 500 फुट लंबा होगा।

# इनैलो हरियाणा में पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी : अभय चौटाला

**युवाओं को रोजगार एवं किसानों की आय दोगुनी करने का बीजेपी का नारा खोखला हुआ साबित**

**400 पार का नारा देने वाली भाजपा को कांग्रेस से उधार लेने पड़े उम्मीदवार**

**महिलाओं को मंहगाई से निजात वाली भाजपा ने अपने चुनावी वायदे नहीं किये पूरे**

**बीजेपी के साथ पीठ में छुरा घोपने वाली जजपा से भी लोगों को रहना पड़ेगा सावधान : सुनैना चौटाला**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**जींद, 4 अप्रैल।** इनैलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद विधायक अभयसिंह चौटाला ने कहा कि इनैलो हरियाणा में पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी और सम्भवत: कुरूक्षेत्र व सिरसा समेत सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। अभय चौटाला जींद स्थित जाट धर्मशाला में जिला स्तरीय इनेलो सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंनें कहा कि बीजेपी देश व प्रदेश में युवाओं को नौकरी रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम रही है और किसानों की आय दोगुनी करने,काला धन वापस लाने, 15 लाख रूपये प्रत्येक के खाते में डालने जैसे नारे जुमला व झूठे साबित हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इनैलो के जिला प्रधान एवं सफीदों के पूर्व विधायक रामफल कुण्डू ने की।

इस सम्मेलन में इनैलो के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मन्त्री रामपाल माजरा, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेदसिंह लौहान, महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती दहिया, बीसी सैल के प्रदेशाध्यक्ष जयकुमार पंवार, एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष वेदसिंह मुंडे, प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्रसिंह रेढू , पूर्व जिला युवा प्रधान अजमेर सिंह बरसोला,प्रदीप नैन,सतीश खरैन्टी, जयप्रकाश दहिया, सन्तरो जागलान,सरपंच एसोसिएशन जुलाना खण्ड की प्रधान शिक्षा देवी खरैन्टी, सरोज रामकली ,सुदेश कन्डेला,पूनम चाबरी, पार्वती कमाचखेड़ा, इन्दिरावती, प्रकाशवती समेत अन्य पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से भाग लिया।

राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने बीजेपी व जेजेपी पर अपनी भड़ास निकाली और कांग्रेस को भी नहीं बक्शा। उन्होंनें कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी को हरियाणा में कांग्रेस से उम्मीदवार उधार में लेने पड़े है उन्हें अपनी पार्टी के नेताओं पर भरोसा नहीं रह गया है। उन्होंनें कहा कि हिसार से भाजपा प्रत्याशी चौ रणजीतसिंह चौटाला ने जननायक चौ देवीलाल की पीठ में छुरा घोपने का काम किया। इनैलो नेता ने कहा कि देश में इलेक्टरल बांड के रूप में 16 हजार करोड़ रुपये का हेरफेर हुआ यहां तक कि बीजेपी ने कारोना काल में वैक्सीन व दवाई बनाने वाली कम्पनियों को भी बक्शा। उन्होंनें कहा कि हर वर्ष युवाओं को दो करोड़ नौकरियां-रोजगार देने का बीजेपी का नारा जुमला साबित हुआ है।

उन्होंनें कहा कि पूर्व उपप्रधानमन्त्री चौ देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली इनेलो का ग्राफ दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जेजेपी, कांग्रेस व भाजपा छोड़कर लोग इनैलो में आ रहे हैं। लोगों से विश्वासघात करने वाली जेजेपी तो खत्म होने के कगार पर है। इस अवसर पर जिला के अनेकों युवाओं व अन्य लोगों ने अभयसिंह चौटाला की रहनुमाई में इनेलो पार्टी में आस्था व्यक्त की और पटका पहनाकर उनका मान-सम्मान भी किया गया। इससे पहले इनैलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कुछ लोग रास्ता भटककर जेजेपी में चले गये थे ऐसे लोगों को वे कहना चाहेगें कि वे घर वापसी कर चौ देवीलाल के सपनों को साकार करने और इनेलो की नीतियों को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण समर्थन व सहयोग करें। उन्होंनें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इनैलो उम्मीदवारों को जीताने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों से पूरी तैयारी के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़े और चुनाव के मद्देनजर एकजुटता के साथ लोगों के समर्थन से इनेलो उम्मीदवारों को विजयी बनाएं तभी जननेता अभयसिंह चौटाला के हाथ मजबूत होगें। महिला नेत्री सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी वायदे पूरे नहीं किये चाहे युवाओं को रोजगार देने की बात हो या स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने की बात हो। उन्होंनें कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओ या महिलाओं को मंहगाई से निजात दिलाने की बात हो। बीजेपी किसी भी वायदे पर खरी नहीं उतरी है बल्कि लोगों को बरगलाने का काम किया है। जेजेपी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंनें कहा कि जेजेपी ने लोगों के विश्वास को तोड़ा है और बीजेपी सरकार में साढे चार साल शामिल रहकर लोगों एवं पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की पीठ में छुरा घोपने का काम किया है।

उन्होंनें कारोना काल एवं किसान आन्दोलन में अभूतपूर्व योगदान व सहयोग के लिए त्याग की मूर्ति एवं विधायक अभयसिंह चौटाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभय चौटाला के नेतृत्व में किसान, कमेरा समेत हर वर्ग के हित सुरक्षित हो सकेगें। इनैलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेदसिंह लौहान एवं बीसी सैल के प्रदेशाध्यक्ष जयकुमार पंवार एवं एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष वेद मुंडे ने भी कार्यकर्ताओं एवं लोगों से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इनैलो के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए 25 मई को ऐनक के चुनाव चिन्ह वाला बटन दबाने की अपील की। मंच संचालन इनैलो के प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र सिंह रेढू ने किया और कार्यकर्ताओं व लोगों को इनैलो की नीतियों बारे अवगत कराया। इस अवसर पर काफी संख्या में इनैलो की महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रही।

# लोग अपने-पराए की पहचान कर विरोधियों के मुंह पर ताला जड़ें: अजय चौटाला

**समाचार गेट ब्यूरो**

नारनौल। लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय चुनाव है। इसलिए लोग अपने-पराए की पहचान कर विरोधियों के मुंह पर ताला जड़ें। उक्त आह्वान जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला गुरुवार को नारनौल विधानसभा में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ महेंद्रगढ़-भिवानी से जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह भी उनके साथ थे। अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने की। चौटाला ने गांव मोहनपुर, चिंडालिया, नांगलकाठा, खोड़मा, जैलाफा, जाखनी, महरमपुर व धरसूं आदि गांवों का दौरा किया।

डा. अजय चौटाला ने ग्रामीण जनसभाओं में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल लावणी का सीजन चल रहा है और किसान अपना आवश्यक कार्य छोड़कर उनका जनसमर्थन करने पहुंचे हैं, यह बड़ी खुशी की बात है।

उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने सदैव कमेरे वर्ग की राजनीति की और किसानों को सदैव पूरा मान-सम्मान दिया है। उन्हीं की नीतियों को जजपा आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के गठबंधन के शासनकाल में दुष्यंत चौटाला ने प्रदेशवासियों के हितों में खूब सारे जनकल्याण एवं विकास के कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि अब देश का सबसे बड़ा चुनाव हो रहा है। इसमें लोगों को सचेत एवं सजग रहने की आवश्यकता है। इस चुनाव में हमें अपने एवं पराये की पहचान करनी होगी तथा उस

**जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने गुरुवार को नारनौल विधानसभा के गांवों में जजपा के लोकसभा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के समर्थन में की ग्रामीण जनसभाएं**

कंडीडेट को चुनाव जीताना होगा, जो हमारा हिमायती होगा। उन्होंने राव बहादुर सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आपके अपने बीच के आदमी हैं और बड़े मेहनती हैं। चौटाला ने कहा कि पिछले 6 महीने से क्षेत्र में जाकर जनसभाएं कर रहे हैं लोगों में भारी जोश एवं उत्साह है।



लोगों के समर्थन को देखते हुए लग रहा है कि अब समय जेजेपी का है। इन्होंने इस क्षेत्र में शिक्षा की जो अलख जगाई है, उसे ज्वाला बनाकर आगे भी जारी रखना होगा। पहले इस इलाके के नौजवान पुलिस एवं फौजी की बेल्ट की नौकरी तक ही सीमित रहते थे, लेकिन राव बहादुर सिंह ने यहां के युवाओं को डाक्टर, इंजीनियर के साथ-साथ आईएएस एवं आईपीएस भी बनना सिखाया है। उन्होंने कहा कि इन दौरों से ये साफ हो चुका है कि अब लोगों में पछतावा हो रहा है कि पिछली बार राव बहादुर सिंह को भिवानी से जीत मिली थी, लेकिन महेंद्रगढ़ जिले से पिछड़ गए थे। इस बार पूरा भरोसा है कि इस जिले से भी उन्हें भारी जीत मिलेगी।

अब यहां आने वाली 25 मई को लोकसभा का मतदान होना है और जजपा ने राव बहादुर सिंह को यहां से चुनाव मैदान में उतारा है। इसलिए यहां की जनता उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से जीताकर संसद में भेजने का काम करें।

जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने कहा कि मेरा 1996 से राजनीति का अनुभव है और चौधरी देवीलाल की नीतियों के चलते मैंने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर जेजेपी पार्टी को ज्वाइन किया है। अब चौधरी देवीलाल की नीतियों को दुष्यंत चौटाला आगे बढ़ा रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि दुष्यंत चौटाला ही चौधरी देवीलाल के सपनों को साकार करेगा।

इस मौके पर एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, अशोक सैनी, विजयपाल एडवोकेट, सिकंदर गहली, युद्धवीर पालड़ी, भोजराज यादव नांगतिहाड़ी, महेंद्र बडेसरा, महेंद्र खन्ना, रामकुमार मकसूसपुर, एडवोकेट प्रमोद ताखर, पार्षद संदीप भांखर, विजय छिलरो, विरेंद्र घाटाशेर, धर्मबीर यादव, एडवोकेट अजय चौधरी, लक्की सरदार, माडूराम, नवीन राव, मदन जूसवाला, बिल्लू बापड़ोली, हरचंद तोबड़ा, बहादुर नांगलिया, दीपक यादव, धीरज शर्मा, हरिओम मेई, सुनील राव, योगी आदलपुर, मनोज बुचौली, अमित भांखरी, सुनील जेवली, सन्नी यादव, रवि व हुकमचंद आदि मौजूद रहे।

# राव सुखबिन्द्र सिंह ने लोहा मंडी से चान्दुवाडा तक के व्यापारियों से डोर टू डोर किया संपर्क

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के सुपुत्र और बिजली वितरण निगम के सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह नारनौल से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं और आजकल नारनौल शहर में डोर टू डोर व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों पर जाकर संपर्क कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने लोहा मंडी, नलापुर और चान्दुवाडा में व्यापारियों से उनकी दुकानों, रेहड़ी और खोखों पर जाकर संपर्क किया और उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा विधानसभा चुनाव में सहयोग की अपील की। इस दौरान जगह-जगह व्यापारियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। श्री राव ने बताया कि व्यक्तिगत रूप से व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे हैं, उनसे सुझाव ले रहे हैं तथा सहयोग की अपील कर रहे हैं ताकि नगर के चहुमुखी विकास की रूपरेखा



तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि नलापुर के लोग सीवर ओवरफ्लो के कारण बेहद परेशान हैं, गन्दा पानी सड़क पर भरा हुआ है, लेकिन नगर परिषद द्वारा समाधान नहीं किया जा रहा। श्री राव से नगर परिषद् और जिला प्रशासन से इस समस्या का तुरंत समाधान करवाने की माँग की है।

डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में श्री राव के साथ ऋषिदेव शास्त्री, सुबेसिंह हेडमास्टर, कैप्टन अभिजीत यादव, सत्यपाल यादव, सज्जन सिंह, शमशेर, डॉ दलीप सैनी, हेमंत शर्मा, वेदप्रकाश, हनुमान सैनी, रामकिशन सैनी सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गुरुग्राम में सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग ने किया किडनी ट्रांसप्लांट गिरोह का पर्दाफाश

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए किडनी ट्रांसप्लांट करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को सीएम फ्लाइंग स्क्वायड और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर 39 स्थित बबलीन नामक गेस्ट हाउस में छापेमारी कर किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले चार लोगों और मरीजों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

गिरोह का संचालक बांग्लादेश से किडनी देने वाले और मरीजों को बुलाकर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में अवैध रूप से ट्रांसप्लांट करवाता था। इसके लिए मरीजों से करीब 10 से 15 लाख रुपयों में मामला तय होता था, वहीं डोनर को इनमें से केवल दो लाख रुपये दिए जाते थे।



वहीं सीएम उड़नदस्ते की ओर से बताया गया है कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर यह छापेमारी की गई है। रेड में पता चला कि गेस्ट हाउस में किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज ठहराए गए हैं। मौके पर चार मरीजों को पकड़ा गया।

पूछताछ में पता चला कि मो. अंसारी नाम का युवक इन सभी को यहां लेकर आया था। जिन मरीजों का ट्रांसप्लांट नहीं हुआ था, उन्हें जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया था। वहीं दो मरीजों का ट्रांसप्लांट फोर्टिस से कराकर यहां लाया गया था। यह भी पता चला कि एजेंट अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में कुछ कर्मचारियों के साथ मिलीभगत थी। वे कागज में हेरफेर कर फर्जीवाड़े से बिना ब्लड ग्रुप मिले ही मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट करा देते थे। टीम के पहुंचने से पहले ही मो. अंसारी और गेस्ट हाउस का मालिक दोनों फरार हो गए थे। आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। जल्द ही एक टीम जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में जाकर भी पूछताछ करेगी।

वहीं इस पर डा. विरेंद्र यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग की टीम मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के साथ मौके पर गई थी। जहां मरीजों को पकड़ा गया है। जांच रिपोर्ट देखी गई है। इससे पता चलता है कि ब्लड ग्रुप मिलाए बिना ही कई मरीजों का ट्रांसप्लांट हुआं था।

# सीहा स्थित विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जिले में चल रही स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के गांव सीहा सथित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य सत्यवीर नाहडिय़ा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जागरूकता रैली, निबंध, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे। इस अवसर पर आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र की आन-बान व शान-मत, मतदाता और मतदान, आया है लोकतंत्र का पर्व, जिस पर हर वोटर को गर्व, सबको सुनें-फिर मन से चुनें, लोकतंत्र का सच्चा मान- हर मतदाता करे मतदान, सुण ले काकी, सुण ले ताई-बोट घणी अणमोल बताई जैसी पट्टिकाओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर पेंटिंग, निबंध तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहडिय़ा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता का जागरूक होना आवश्यक ही नहीं, अपितु अनिवार्य है, जिसके लिए सभी को आगे आना होगा। इस अवसर पर प्राध्यापक नरेश कुमार, सरपंच सरिता यादव, नरेश भारद्वाज, प्रदीप यादव, महाराज शंकरदास, यशपाल आर्य, प्रह्लाद सिंह, लक्ष्मी यादव, सतपाल सिंह, बाबू रवि कुमार, शक्ति सिंह, छात्रा अंशु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# न्यायिक परिसर में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम


## आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा केस का निपटारा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 11 मई को रेवाड़ी स्थित न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव वर्षा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

# नवीन यादव बने सर्व कर्मचारी संघ के सर्किल सचिव



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हैड आफिस हिसार सम्बाधित सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा यूनियन के सर्कल सचिव के चुनाव वीरवार को बिजली बोर्ड रेस्ट हाऊस रेवाड़ी मे कराये गए, जिसकी अध्यक्षता सर्वकर्मचारी संघ जिला प्रधान धनराज ने की। चुनाव पर्यवेक्षक संजय कुमार सैनी की मौजूदगी में चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव से पहले सेक्रेटरी धनराज ने अपने त्रिवार्षिक कार्यकाल का विवरण रखा और अपने पद से इस्तीफा दिया इसके बाद सर्वसम्मति से नवीन कुमार यादव को सर्कल सचिव चुना गया। सर्कल सचिव नवीन कुमार यादव को संजय कुमार सैनी केंद्रीय कमेटी के नेता ने यूनियन के संविधान अनुसार शपथ दिलाई। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान धनराज ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की कर्मचारियों को एकजुट रहकर यूनियन के प्रति कार्य करना चाहिए और जो भी केंद्रीय कमेटी की कॉल आती है उस पर कर्मचारियों को खरा उतरना चाहिए। इस दौरान श्रीमती सुमित्रा देवी उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला रेवाड़ी, पूर्व सेक्रेटरी नरेश कुमार यादव ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया तथा कर्मचारियों नेताओं ने अपने विचार रखें। इस दौरान शीशराम यूनिट प्रेसिडेंट कोसली, बलदेव यादव यूनिट प्रधान धारूहेड़ा, जयप्रकाश यादव सब यूनिट प्रधान कोसली, परवीत राठी यूनिट प्रधान रेवाड़ी, देवेंद्र शर्मा जेई, सब यूनिट प्रधान देवेंद्र कुमार, सब यूनिट प्रधान पालहालावास संजीव कुमार, सब यूनिट प्रधान बुढ़ौली ओमवीर जाखड़ और अन्य कर्मचारीगाण मौजूद रहे।

# फसल खरीद के दौरान किसानों की सुविधाओं का रखा जा रहा है पूरा ख्याल : डीसी



**डीसी राहुल हुड्डा ने रेवाड़ी अनाज मंडी में पहुंचकर फसल खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा।**

**खरीद एजेंसियां फसल उठान कार्य में लाए तेजी**

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। प्रशासन की ओर से किसानों की सुविधाओं व आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी राहुल हुड्डा गुरूवार को रेवाड़ी स्थित अनाज मंडी पहुंचे और मंडी में फसल खरीद के दौरान किसानों के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे फसल उठान कार्य में तेजी लाएं ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बिजली, छाया, गेट पास सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने बारे भी जरूरी निर्देश दिए। डीसी इस दौरान किसानों से रूबरू हुए और उनसे बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि मंडी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने फसल में नमी की मात्रा की भी जांच की और बताया कि जिला में हैफेड, वेयर हाउस, खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित नमी से ऊपर की फसल की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए ताकि फसल उठान में परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मारपीट के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक पर हवाई फायरिंग करने की वारदात में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना शहर रेवाड़ी पुलिस ने मारपीट के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक पर फायरिंग करने की वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहल्ला अर्जुन नगर रेवाड़ी निवासी समरपीत, मोहल्ला छिप्पटवाडा रेवाड़ी निवासी कमल व अंकित पटेल के रूप में हुई है। डीएसपी हेडक्वार्टर रेवाड़ी पवन कुमार ने पत्रकार वार्ता बताया कि मोहल्ला आनंद नगर रेवाड़ी निवासी गिरिराज ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने अपने मकान के साथ मेडिकल स्टोर खोला हुआ है और पड़ोस में उसका मामा रामसिंह भी साथ में रहता हैं।

01 अप्रैल 24 को उनके मामा का पोता रोहित उसके मेडिकल स्टोर के सामने से निकल रहा था तभी अचानक 2 अनजान व्यक्ति बाइक पर आए और रोहित के साथ मारपीट करने लगे। जब उसने अपने मामा रामसिंह के साथ मिलकर उन्हें रोकना चाहा तो दोनों व्यक्ति गाली गलौच करते हुए उनके साथ भी मारपीट करने लगे। इसके बाद दोनों व्यक्तियो ने फोन करके चार-पांच लड़कों को और बुला लिया तथा सभी आरोपियों ने मिलकर उसके मामा के लड़के मदनलाल सहित उनके साथ भी मारपीट की।

इसी दौरान आरोपियों ने उस पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी। जो गोली उसके मैडिकल स्टोर के शीशे पर लगी। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर अपनी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी में आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को वारदात में शामिल तीन आरोपी समरपीत, कमल व अंकित को गिरफ्तार कर लिया है। जो इस मामले में पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

# अजय सिंह यादव बने बार काउंसिल के कोऑप्टिड मेंबर



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** बार एसोसिएशन रेवाड़ी के अधिवक्ता अजय सिंह यादव पुत्र कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट को बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा के सदस्य अध्यक्ष जयवीर यादव की अनुशंसा पर बार काउंसिल की प्रशासनिक कमेटी का कॉ ओपटेड मेंबर बनाया गया है। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एडवोकेट अजय सिंह को शुभकामनाएं दी। इस दौरान बावल प्रधान परवीन यादव, पूर्व प्रधान राव रघुवीर सिंह यादव, दिनेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, कर्मवीर यादव, प्रमोद यादव, सुनील यादव, मनोज यादव, आरके श्योराण, पवन यादव, राजेश, चंद्रजीत, लीलाराम, चरण सिंह बालियान, धीरज, राहुल, सूर्यकांत, पारस, सोनपाल, नरेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, सुरेंद्र रोहिल्ला, अरविंद, अमित आदि सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे। बार काउंसिल के मनोनीत सदस्य एडवोकेट अजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष जयवीर यादव व अन्य अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# अनाज आढ़तियों की दुकानों पर लग सकता है ताला



**बढ़ती महंगाई में सरकार ने घटाई आढ़तियों की दामी।**

**राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने मुख्यमंत्री से की आढ़त बढ़ाने की मांग।**

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एक तरफ जहां देश मे महंगाई बढ़ रही है, सरकारें अपने कर्मचारियों की पगार बढ़ा रही है वहीं दूसरी तरफ हरियाणा सरकार आढ़तियों के कमीशन यानी दामी को कम कर रही है। पूर्वर्ती सरकारों में आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत दामी मिलती थी वहीं भाजपा की हरियाणा सरकार ने उसे 2 प्रतिशत कर दिया है व किसी अनाज में मात्र डेढ़ प्रतिशत भी कर दिया। मंडी में अनाज का काम करने वाले आढ़तियों में सरकार की इस पॉलिसी को लेकर भारी नाराजगी है। इस नाराजगी को लेकर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता, जिला प्रधान राधेश्याम मित्तल के नेतृत्व में व्यापारी एवं नगर पार्षद राजेंद्र सिंहल ने आढ़तियों के साथ जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी व कृषि मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंप कर कहा कि हरियाणा में लगभग 50 हजार व्यापारी आढ़त का काम करते हैं। उनके पास 50 हजार ही मुनीम व लाखों की संख्या में मजदूर काम करते हैं। सरकार ने आढ़त कम कर के व्यापारियों की आढ़तों पर ताला लगाने जैसा काम कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने सभी मंडियों में एक एक ठेकेदार नियुक्त कर दिया जो करोड़ो की कमाई करता है और आढ़ती खाली बैठा रहता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एक आढ़ती की दामी ढाई प्रतिशत की जाए दूसरी ठेकेदारी प्रथा खत्म की जाए। इस अवसर पर अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# वीआईपी स्कूल की छात्रा ने कत्थक प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** महेन्द्रगढ़ रोड स्थित वीआईपी स्कूल की कक्षा चतुर्थ की छात्रा कनिष्का ने नृत्य झलक सेमी कत्थक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शगुफ्ता कत्थक कला समिति द्वारा नई दिल्ली स्थित राजेंद्र भवन में किया था। विद्यालय निर्देशक नवदीप लाम्बा और विद्यालय प्राचार्य नवीन कुमार ने छात्रा कनिष्का को सम्मानित किया और उसे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नृत्य एक ऐसी गतिविधि है, जो बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती है। वहीं कनिष्का ने कहा की इस नृत्य में अपना भविष्य बनाएगी। उसने कहा कि उसका लक्ष्य अब कत्थक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करना है और इसके लिए वह लगातार अभ्यासरत रहेगी। उसने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु के साथ साथ माता पिता के प्रोत्साहन को दिया। इस मौके पर नृत्य अध्यापिका पिंकी, प्रियंका, राजेश, प्रियराज, पूनम, शिवांगी, सोनिका साहित स्कूल स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# हरियाणा में भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला की जनसभा में बवाल

**आधा भाषण देकर पुलिस सुरक्षा में निकले, बोले- पूरा देश हमें वोट दे रहा, आप मत देना**



समाचार गेट ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा में हिसार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला को गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। हिसार में अग्रोहा खंड के गांव श्यामसुख में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति से जुड़े किसानों ने नारेबाजी की। जिससे उनकी जनसभा में बवाल मच गया।

बड़ी मुश्किल से पुलिसकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को रोका। इसके बाद रणजीत चौटाला आधा अधूरा भाषण देकर गाड़ी में बैठकर काफिले के साथ यहां से लौट गए।

इस बीच रणजीत चौटाला ने ये कह कर किसानों को शांत करने का प्रयास किया कि हमारी पार्टी को पूरा देश वोट दे रहा है, आपको ठीक न लगे तो वोट न दें। इसके बाद वे अपना भाषण पूरा किए बिना ही चले गए।

**किसानों ने पूछे रणजीत चौटाला से सवाल**

गांव श्यामसुख किसानों ने रणजीत चौटाला से सवाल जवाब करते हुए पूछा कि किसानों को दिल्ली जाने से रोकना गलत था या सही था। उनसे कहा गया कि वे केवल हां या न में जवाब दे। इस पर रणजीत चौटाला ने खालिस्तान प्रकरण को किसानों के साथ जोड़ना चाहा, इस पर किसान बिफर गए और उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**लाठीचार्ज का किया विरोध**

इस दौरान किसानों ने रणजीत चौटाला से पूरे प्रदेश में किसानों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर सवाल पूछा तो इस पर भी रणजीत चौटाला गोलमोल जवाब दे गए। किसानों ने पूछा कि फसल बीमा को लेकर किसान धरने पर बैठे थे, जिन पर सरकार ने लाठीचार्ज किया। आज वे किसान के विकास की बात करने गांव में आए हैं। इस पर भी रणजीत चौटाला सही जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

**ब्राह्मण को लेकर विवादित बयान दिया फिर माफी मांगी**

इससे पहले रणजीत चौटाला ब्राह्मणों को लेकर भी विवादित बयान दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि सभी एक समान हैं लेकिन ब्राह्मणों ने ऐसा भेद किया कि दंगे-फसाद हो रहे हैं। उनके इस बयान पर ब्राह्मण सभा भड़क उठी। जिसके बाद पहले रणजीत चौटाला ने अपने शब्द वापस लेने की बात कही लेकिन ब्राह्मण सभा का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इसके बाद चौटाला को ब्राह्मण संगठनों के पास आकर माफी मांगनी पड़ी

# 1400 बेटियों को बनाया निशाना, मौलाना ने कमाए 14 करोड़ रुपये, करता था नापाक काम!

समाचार गेट ब्यूरो

**नूंह, 4 अप्रैल।** हरियाणा के नूंह पुलिस ने शादी कराने के नाम पर धोखाधडी और रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है. इस मामले में पुलिस ने मौलाना अरशद निवासी बुबलहेडी और राशीद निवासी गुराकसर, पलवल को गिरफ्तार किया है । दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है. ऐसे में अब दोनों की ईद जेल में मनेगी । डीएसपी फिरोजपुर झिरका कप्तान सिंह ने बताया कि नूंह में बेटियों (लडकियों) की शादी में कन्यादान देने के नाम पर लोगों से धोखाधडी का मामला सामने आया है

**थाना नगीना में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी राशीद को बडकली चौक नगीना और मौलाना अरशद को गिरफ्तार किया है।**

। डीएसपी ने बताया कि मौलाना अरशद पुत्र फजरुद्दीन निवासी बुबलहेडी और राशीद पुत्र मजीद निवासी मुराकसर को पकड़ा गया है।

डीएसपी ने बताया कि एक अप्रैल को जुबेदा पत्नी कमालूद्दीन निवासी नांगल शाहपुर तहसील नगीना, जिला नूंह ने थाना नगीना में एक शिकायत दी थी, उन्होंने बेटी की शादी और कन्यादान देने के नाम पर मौलाना अरशद और राशीद उपरोक्त एवं उनके अन्य साथियों पर धोखाधडी का आरोप लगाया था । शिकायत में पुलिस को बताया था कि दो माह में 1 लाख 10 हजार रुपये लिए. कन्यादान के रूप में उसने मोटरसाइकिल, शादी का सामान और 21,000 रुपये नकद कन्यादान देने की बात कही थी। थाना नगीना में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी राशीद को बडकली चौक नगीना और मौलाना अरशद को गिरफ्तार किया है ।

**ठगी की बात मानी: पुलिस**

प्राथमिक पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों की मदद से करीब 1400 लोगों से बेटी की शादी में कन्यादान देने के नाम पर धोखाधड़ी की बात मानी है. आरोपियों ने करीब 14 करोड़ रुपये लेने की बात कुबूल की है । जाँच टीम में निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में शामिल थे ।

# हरियाणा भाजपाईयों को है मोदी के नाम पर विश्वास या बन रहे अपने मुंह मियां मिट्ठू

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** वर्तमान में लोकसभा चुनाव का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा कांग्रेस पर बारंबारकटाक्ष कर रही है कि उन्होंने उम्मीदवार घोषित नहीं किए परंतु अपनी ओर देख नहीं रही कि उन्होंने उम्मीदवार तो घोषित कर दिए लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है कि उम्मीदवार बदले जाएंगे।

सिरसा से सांसद उम्मीदवार अशोक तंवर और हिसार से उम्मीदवार रणजीत चौटाला की जनसभाओं में विरोध के स्वर सुने जाने के समाचार लगातार आ रहे हैं। उम्मीदवार बदले जाने की चर्चाओं में कितनी सच्चाई है, यह तो हम कह नहीं सकते।

आपको याद दिला दें हमारे देश में मुहावरे बन जाते हैं कि अमुक के लिए भगवान है और अमुक अनिष्टकर्ता। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में मुहावरे हैं कि हरियाणा मोदी जी के लिए बहुत भाग्योदय का सूचक है, क्योंकि जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली तब भी वह हरियाणा के प्रभारी थे, सीधे जाकर मुख्यमंत्री बन गए थे और जब प्रधानमंत्री की बारी आई तो प्रधानमंत्री का नाम तय होने के पश्चात हरियाणा के ही रेवाड़ी में की थी। इस दृष्टि से देखें तो मोदी के 400 पार के नारे का निर्णय शायद हरियाणा ही करेगा।


वर्तमान में हरियाणा में मोदी की लोकप्रियता कम ही नजर आ रही है, जिसके प्रमाण हैं माजरा में एम्स रैली और गुरुग्राम द्वारका एक्सप्रेस वे की रैली, जनसमुदाय की दृष्टि से असफल रही। शायद इसी का परिणाम था कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अपने पद से हाथ धोना पड़ा।

वर्तमान में यदि मोदी के नाम पर ही भाजपाईयों को विश्वास था तो किसी को भी उम्मीदवार बना सकते थे, क्योंकि वोट तो मोदी के नाम से मिलने थे परंतु उन्होंने भाजपा में नए आए अशोक तंवर और तत्काल भाजपा में आए रणजीत चौटाला, नवीन जिंदल को टिकट दिए और तीनों ही का जनता में विरोध देखा जा रहा है। अब इसमें क्या समझें कि मोदी की लोकप्रियता है या समाप्त है पर यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भाजपाईयों की दृष्टि में तो है नहीं।

# 2024 लोकसभा चुनाव चर्चा रोहतक में सांसद दीपेंद्र हुड्डा का प्रचार जोरों पर : पर चुनाव लड़ने पर असमंजस

समाचार गेट ब्यूरो

**रोहतक।** रोहतक लोकसभा क्षेत्र में जहां राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा चुनाव प्रचार में जोरो से लगे हुए हैं, वहीं चुनाव लड़ने पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि अगर इस बार राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें राज्यसभा की सीट छोड़नी पड़ सकती है। जिसका सीधा फायदा बीजेपी को होगा। वहीं अगर वहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ताल ठोकते हैं तो उनके मुख्यमंत्री बनने का दावा विफल हो सकता है। इन्हीं सब बातों की चर्चाएं इन दिनों राजनीतिक गलियारे में खूब चल रही है कि इस बार रोहतक से मोर्चा संभालने के लिए आशा हुडा मैदान में उतर सकती हैं। जबकि दीपेंद्र हुड्डा खुद को उम्मीदवार मान प्रचार कर रहे हैं द्य लेकिन एस आर के ने यह पेंच फंसा दिया कि अगर दीपेंद्र हुड्डा जीत तो जाएगा, लेकिन राज्यसभा की सीट भाजपा को चली जाएगी द्य अगर भूपिंदर सिंह हुड्डा सोचते है कि यदि वे चुनाव लड़ें और हार गए तो मुख्यमंत्री का दावा खतम समझो द्य ऐसे में आशा हुडा ही एक मात्र आशा







की किरण बचती है। कभी बंसीलाल की बंसी बजाने वाली चंद्रावती भी आशा हुडा की काबिलियत की कायल थी द्य उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा हैं कि आशा हुडा अति महत्वकांक्षी और बेटे दीपेंद्र से मिलकर परदे के पीछे सरकार चलाती थी द्य और वह मिलनसार और हंसमुख स्वभाव वाली महिला है द्य जिसकी पहुंच सोनिया गांधी दरबार में भी बहुत है। जिससे यह भी प्रयास लगाए जा रहे हैं की पार्टी हाई कमान पूर्व मुख्यमंत्री का प्रभाव देखते हुए इस बार लोकसभा चुनाव रोहतक से उनके ही किसी खास को लड़वाना चाहती है जिसमें सबसे ऊपर नाम आशा हुड्डा का ही चर्चाओं में आ रहा है।

वहीं आशा हुड्डा के बारे में यह भी चर्चाएं फार्म चल रही है कि उनमें भी चौधरी भजन लाल की तरह ही विरोधी का दिल जीतने की कला हैं द्य इस चुनाव की रोचक बात यह भी चर्चा का विषय बनी हुई है कि कभी अमृत योजना में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खास मनीष ग्रोवर पर आरोप लगाने वाले अरविंद शर्मा अब उसी मनीष ग्रोवर के दरवाजे पर आए दिन हाजिर बजा रहे हैं।






# कुंवर संजय सिंह बिष्ट बने हरियाणा राजपूत सभा के प्रवासी प्रकोष्ठ संयोजक



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों में से 8 सीटों पर लगभग 3 लाख प्रवासी राजपूत मतदाता निर्णायक भूमिका में होंगे। फरीदाबाद, गुड़गांव, रोहतक, सोनीपत, करनाल, हिसार, अंबाला और सिरसा सीटों पर राजपूत लोग निर्णायक भूमिका निभाएंगे। भाखड़ा डैम स्थल के विस्थापित सहित उतर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छतीसगढ़, झारखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि के उद्योग जगत, नौकरी पेशा क्षेत्र में वर्षों से स्थाई रूप से कार्यरत प्रवासी राजपूत मतदाताओं को किसी ने भी राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से कोई महत्व प्रदान नही किया। हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने अपना प्रवासी प्रकोष्ठ बनाकर इन्हें हरियाणा की मुख्य धारा में शामिल करने की पहल की है। सभा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड के गुरुग्राम में रहने वाले कुंवर संजय सिंह बिष्ट को सभा के प्रवासी प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। श्री बिष्ट हीरो मोटो कॉर्प कम्पनी के महाप्रबंधक और गढवाल सभा के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। सभा की टीम उनके सानिध्य में अप्रेल माह में फरीदाबाद, मानेसर, धारूहेड़ा, बहादुगढ़, सोनीपत, खरखौदा, पानीपत, फतेहाबाद, हिसार, यमुनानगर, अंबाला और पंचकूला का दौरा कर प्रवासी राजपूत मतदाताओं का वास्तविक डाटा एकत्रित कर अपनी वेब साइट पर डालेगी।